राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सितारगंज, उधम सिंह नगर (उत्तराखण्ड)

# वेणिका

► ई-बुलेटिन ► 2024-2025 ►अवधि- छमाही

## प्राचार्य की कलम से....



**प्रो. (डॉ.) रेनू रानी बंसल**

''वेणिका'' एक कोशिश, एक शुरूवात है सितारगंज राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय से। हम सभी के लिए अत्यन्त प्रसन्नता का विषय है, कि महाविद्यालय ई-बुलेटिन का प्रथम संस्करण प्रकाशित कर रहा है। एन0ई0पी0 2020 के प्रावधानों का संचालन करते हुए इस अंक में वर्षभर आयोजित अनेकानेक गतिविधियों तथा अकादमिक उपलब्धियों को समेटने का प्रयास किया गया है। हमारी निरन्तर कोशिश है कि महाविद्यालय प्रगतिशील अवधारणा के उन सभी घटकों यथा शैक्षणिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, मानवीय तथा पर्यावरणीय चेतना को रेखांकित करने में सफल हो सके। महाविद्यालय के लब्धप्रतिष्ठित प्राध्यापकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों के अनवरत परिश्रम व लगन से महाविद्यालय उतरोत्तर विकास व उन्नति की ओर अग्रसर है। इस सन्दर्भ में प्रसिद्ध सुधारक मार्टिन लूथर की पंक्तियां निश्चय ही प्रेरणास्रोत हैं-

यदि आप उड़ नहीं सकते तो दौड़ो, यदि दौड़ नहीं सकते तो चलो।
यदि चल नहीं सकते तो रैंगो, लेकिन हमेशा आगे बढ़ते रहो।

''वेणिका'' का यह नवांकुर महाविद्यालय की गतिविधियों तथा रचनात्मक क्रियाकलापों को आयाम प्रदान करने एवं उनके संरक्षण व विस्तारण में अपनी महती भूमिका का निर्वहन करेगा ऐसा मेरा विश्वास है। यह अंक सभी के लिए प्रेरणादायी तथा उपयोगी हो सके, यही इच्छा है।

शुभकामनाओं सहित,

प्राचार्य
प्रो. (डॉ.) रेनू रानी बंसल

# संगोष्ठी एवं कार्यशालाएँ

दिनांक 17 एवं 18 फरवरी, 2024 को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सितारगंज, उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड में आई. सी. एस. एस. आर. नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी विषय ''हिमालयी राज्यों में भू-व्यवस्था एवं सतत विकास का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी के मुख्य अतिथि प्रो0 एम0 सी0 पाण्डे, प्राचार्य पी0एन0जी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामनगर (नैनीताल) एवं विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर चन्द्रकला माथुर राजनीति विज्ञान विभाग, यामा प्रसाद मुखर्जी महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय रही। तथा मुख्य वक्ता के रूप में प्रोफेसर बी0 पी0 मैठाणी संस्थापक डायरेक्टर (NIRD) गुवाहाटी, पद्मश्री प्रोफेसर शेखर पाठक (पर्यावरणविद्) तथा श्री अभय कुमार पंत (आई. ए. एस) रहे। संगोष्ठी का प्रारम्भ करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 सुभाष चन्द्र वर्मा ने मंचासीन सभी अतिथियों, सभागार में उपस्थित सभी विद्वतजनों, शिक्षकों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया। और उन्होंने कहा कि भविष्य में भी महाविद्यालय में ऐसे शैक्षणिक आयोजन की निरन्तरता बनी रहेगी और अपने प्रेरणादायक उदबोधन से संगोष्ठी में उत्साह का संचार किया। कार्यक्रम में मुख्य संयोजक डॉ0 एम0 सी0 आर्य द्वारा राष्ट्रीय संगोष्ठी की अवधारणा तथा उद्देश्यों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत कर संगोष्ठी में उपस्थित सभी प्रतिभागियों को अवगत कराया। साथ ही बताया कि दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के तकनीकी सत्रों में विविध शोध पत्रों का वाचन किया जायेगा। जिनके माध्यम से हिमालयी राज्यों की भू-व्यवस्था, कृषि तथा प्राकृतिक संसाधनों के लिए एक नई रूपरेखा बनायी जा सकती है तथा यह भी बताया कि संगोष्ठी में विशेषरूप से हिमालयी राज्यों की भू-व्यवस्था से जुड़ी नीतियों पर चर्चा होगी। जिससे संगोष्ठी में एक नई ऊर्जा का संचार होगा। इसी क्रम में प्रतिभागियों की उपस्थिति में मंच पर आसीन विद्वतजनों के द्वारा संगोष्ठी की स्मारिका Souvenir Book का विमोचन किया गया। यह विमोचन संगोष्ठी के संयोजक डॉ0 एम0सी0आर्य, प्रो0 बी0 पी0 मैठाणी, प्रो0 शेखर पाठक, प्रो0 एम0सी0पाण्डेय, प्रो0 चन्द्रकान्ता माथुर, श्री अभय कुमार पंत एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 सुभाष वर्मा के कर कमलों से सम्पन्न हुआ।

(काशीपुर, रविवार, 18, फरवरी, 2024) 2

## राजकीय महाविद्यालय सितारगंज में दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आगाज हुआ




**सितारगंज संवाददाता अहसान अंसारी।** राजकीय महाविद्यालय सितारगंज में दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आगाज हुआ। सेमिनार दिनॉक 17/02/2024 से 18/02/2024 तक निरन्तर दो दिवसों तक चलेगा। इस राष्ट्रीय संगोष्ठी का विषय है। हिमालयी राज्यों में भू-व्यवस्था तथा सतत विकास। यह संगोष्ठी इतिहास विभाग, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सितारगंज और आई सी एस एस आर (पैद) के संयुक्त तत्वाकधान में आयोजित किया जा रहा है। इस संगोष्ठी के आयोजक सचिव डॉ एम सी आर्या है तथा संगोष्ठी की अध्यक्षता प्राचार्य तथा संरक्षक प्रो सुभाष वर्मा ने की।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो एम सी पांडेय, प्राचार्य पी एन जी कॉलेज रामनगर की गरिमामयी उपस्थिति रही तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ चंद्रकांता माथुर, प्रोफेसर, दिल्ली विश्वविद्यालय दिल्ली संगोष्ठी मे उपस्थित रही। प्रथम बौद्धिक सत्र मे मुख्य वक्ता के रूप मे पद्मश्री प्रो शेखर पाठक ने हिमालय में भू चुनौतियों तथा प्राकृतिक संसाधनों आदि पर प्रकाश डाला। इस विषय पर पूर्व मे हो चुके शोधकार्यों तथा वर्तमान मे चल रहे शोध तथा भविष्य की शोध योजनाओ के विषय में विस्तृत रूप में बताया। उन्होंने जलवायु परिवर्तन के मुख्य कारणों आदि पर विस्तृत व्याख्यान दिया। अतिथि मुख्य वक्ता के रूप में प्रोफेसर चंद्रकांता माथुर ने महिला खेती तथा महिला सशक्तिकरण जैसे विषय पर अपना विस्तृत व्याख्यान दिया। विशेष अतिथि वक्ता के रूप मे एन आई आर डी गुवाहाटी के संस्थापक निदेशक प्रो बी पी मैथानी ने उत्तर भारत में भू व्यवस्था तथा ग्रामीण विकास विषय पर अपनी बात रखी। उन्होंने भारत मे ब्रिटिश राज्य में की जाने वाली खेती के विषय मे विस्तार से बताते हुए लैंड रोटेशन खेती के बारे में भी प्रकाश डाला। विषय विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित सेवानिवृत्त आई ए एस ऑफिसर अभय पंत ने हिमाचल प्रदेश के विशेष संदर्भ में अपना व्याख्यान दिया, जिसमें उन्होंने हिमाचल प्रदेश के भौगोलिक, प्रशासनिक, विकेंद्रीकरण तथा भू कानूनों के विषय में विस्तार से बताया। उन्होंने विशेष रूप से पहाड़ों से पलायन के विषय मे बात रखी, उसके कारणो तथा प्रभावों की जानकारी दी। द्वितीय सत्र संगोष्ठी का टेक्निकल सत्र रहा, जिसमें विभिन्न विश्वविद्यालयो तथा महाविद्यालयों से आये प्राध्यापको तथा शोध छात्रों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए, जिनका विषय विशेषज्ञो द्वारा मूल्यांकन कर उचित प्रतिक्रियाएँ प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम का संचालन डॉ नीति चौहान, तथा डॉ ज्योति टम्टा, ने संयुक्त रूप से किया। इस संगोष्ठी में सिक्किम, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हिमाचल, कन्या कुमारी, आन्ध्र प्रदेश, जम्मू कश्मीर, आदि राज्यों से विषय विशेषज्ञ तथा शोध छात्र पधारे हैं। इस अवसर पर डॉ राजविंदर कौर, डॉ सत्यमित्र सिंह, डॉ एम सी आर्या, डॉ वाई के शर्मा, डॉ संजय कुमार, डॉ भुवनेश कुमार, डॉ सविता रानी, डॉ कमला उपाध्याय, डॉ नीति चौहान, डॉ चारू उपरेती, डॉ रीतिका, डॉ मनीषा शर्मा, डॉ अमित कुमार, डॉ नाज परवीन, कमलेश जोशी, द्रौपदी, इकरार हुसैन, छात्रसंघ अध्यक्ष आकाश बिश्वास, उपाध्यक्ष विक्रम तिवारी, संदीप, अंजू, रमेश, किरण, राजेंद्र, दीवान सिंह, आदि उपस्थित रहे।




## दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का हुआ समापन

■ हिमालयी राज्यों में भू व्यवस्था तथा सतत विकास पर हुई संगोष्ठी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सितारगंज।** राजकीय महाविद्यालय में हिमालयी राज्यों में भू व्यवस्था तथा सतत विकास" विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन हुआ।

संगोष्ठी इतिहास विभाग तथा आईसीएसआर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई। संगोष्ठी के द्वितीय दिवस भू व्यवस्था से जुड़े हुए शोध पत्रों को पढ़ा गया। तत्पश्चात कृषि क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका पर विस्तृत प्रकाश डाला गया। संगोष्ठी के आयोजक सचिव डा. एमसी आर्य एवं अध्यक्षता प्राचार्य प्रोफेसर सुभाष वर्मा ने की एवं संचालन नीति चौहान द्वारा किया गया। इस मौके पर रोहिलखंड विश्वविद्यालय से पहुंची प्रवीन बाबी, डा. सुरेश टम्टा, डा. सत्यमित्र सिंह, प्रो. बीपी मथानी, प्रो. राजीव रतन, प्रो. गिरजा पांडे, डा. नागेश, प्रो. सुभाष वर्मा को अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डा. राजविंदर कौर, डा. सत्यमित्र सिंह, डा. एमसी आर्य, डा. कामना दीक्षित, डा. कमल उपाध्यक्ष, डा.अमित कुमार, डा. नीति चौहान, डा. सोनी, डा. गरिमा जोशी, डा. मनीषा शर्मा, कमलेश जोशी, द्रौपदी कन्याल, किरण, इकरार हुसैन, छात्रसंघ अध्यक्ष आकाश विश्वास, उपाध्यक्ष विक्रम तिवारी, संदीप, अंजू, रमेश, किरण, राजेंद्र, दीवान सिंह समेत तमाम शिक्षक व छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# रोड व कैमिकल सेफ्टी कार्यक्रम

आज दिनांक 21 जनवरी, 2025 को संस्था इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल डेवलपमेंट (आई.एस.डी) द्वारा टाटा मोटर्स लिमिटेड पंतनगर के सहयोग से राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सितारगंज, उधम सिंह नगर में रोड सेफ्टी व केमिकल सेफ्टी पर जागरूकता कार्यक्रम एवं प्रमाण पत्र वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में टाटा मोटर्स से सी.एस.आर. मैनेजर श्री प्रीतम मोतीलाल व सेफ्टी डिपार्टमेंट से श्री राजीव व ट्रेनर श्री पप्पू सिंह राणा जी, **ISD** से श्री रवि वर्मा सहित लगभग 55 प्रशिक्षार्थी उपस्थित रहे। राजीव जी द्वारा रोड व केमिकल सेफ्टी के संबंध में अनेक महत्वपूर्ण जानकारियां दी गयी। कार्यक्रम के अंत में सभी ट्रेनीज को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गये। इस कार्यक्रम में हमें कॉलेज के प्रोफेसर डॉ. एम.सी. आर्य सर का भी पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ।







# उद्यमिता विकास कार्यक्रम

## दिनांक 18 फरवरी से 03 मार्च 2025

### महाविद्यालय में बूट कैम्प शुरू

सितारगंज। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सितारगंज में मंगलवार को दो दिवसीय बूट कैम्प कार्यक्रम का आयोजन शुरू किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर विमला सिंह ने कहा कि यह प्रशिक्षण विद्यार्थियों के भावी जीवन के लिए अत्यंत उपयोगी तथा ज्ञानवर्धक है। यहां नोडल अधिकारी डॉ. एमसी आर्य, किरन जोशी, विनोद पांडे, डॉ. विमला सिंह, डॉ. संजय टम्टा, डॉ. अभिमन्यु सिंह, डॉ. दुर्गा तिवारी, डॉ. कामना दीक्षित, डॉ. कमला उपाध्याय डॉ. प्रज्ञा सिन्हा, डॉ. प्रकाश भट्ट मौजूद रहे।




छात्राओं को रोजगार के टिप्स देते अधिकारी। ● अमृत विचार

### सितारगंज में उद्यमिता विकास कार्यक्रम का आयोजन

सितारगंज : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 3 मार्च तक चलने वाले 12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम में विद्यार्थियों का परिचय सितारगंज क्षेत्र के उद्यमी तथा एमपी चौक पर स्थापित केतली कैफे के मालिक अंजन मंडल से कराया गया। इसमें उन्होंने अपना बिज़नेस शुरू करने की यात्रा में आने वाली बाधाओं, समस्याओं, कच्चे माल, बिज़नेस को शुरू करने के बारे में बताया। इसी क्रम में क्षेत्रीय उत्पादों तथा हस्त कौशल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रतिभागियों को क्षेत्रीय उद्यमी हेमा तिवारी, पूनम राना तथा राजवती ने मशरूम उत्पादन, अगरबत्ती बनाने, शहद उत्पादन, मोमबत्ती बनाने का प्रशिक्षण दिया। इस अवसर प्राचार्य प्रो. रेनू बंसल, किरन जोशी, डॉ. एमसी आर्य, डॉ. राजविंदर कौर, डॉ. शोभा पांडे, जानकी विश्वकर्मा, कमलेश जोशी आदि उपस्थित रहे।

### उद्यमिता विकास कार्यक्रम के तहत छात्रों को उद्यमियों से कराया रूबरू

सितारगंज, लोकसत्य।

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को स्थानीय उद्यमियों से परिचित कराया गया। एम.पी. चौक पर केतली कैफ़े के मालिक अंजन मंडल ने अपनी सफलता की कहानी साझा की।

उन्होंने बताया कि कैसे ऑटो रिक्शा चलाने से लेकर कटिंग चाय के ठेले तक का सफर तय कर आज तीन कैफ़े संचालित कर रहे हैं। उनकी ब्रांडिंग और पेटेंट प्रक्रिया जारी है। इसके अलावा, हेमा तिवारी, पूनम राना और राजवती ने प्रतिभागियों को मशरूम उत्पादन,



अगरबत्ती, शहद और मोमबत्ती निर्माण का प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम देवभूमि उद्यमिता योजना, उत्तराखंड सरकार और भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, अहमदाबाद द्वारा संचालित किया जा रहा है। इस मौके पर प्राचार्य प्रो. रेनू बंसल, मुख्य वक्ता किरण जोशी, नोडल अधिकारी डॉ. एम.सी. आर्य सहित अन्य शिक्षाविद् उपस्थित रहे।



# आठ दिवसीय रंगमंच कार्यशाला

**राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सितारगंज में दिनांक 18 से 25 मार्च 2025 तक आठ दिवसीय रंगमंच कार्यशाला का आयोजन किया गया यह कार्यक्रम आई.क्यू.ए.सी. सेल, अजीम प्रेम जी फाउडेशन तथा हिन्दी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।**

### सितारगंज महाविद्यालय में आठ दिवसीय रंगमंच कार्यशाला शुरू



कार्यशाला को संबोधित करतीं प्राचार्य रेनू रानी बंसल। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

सितारगंज। राजकीय महाविद्यालय सितारगंज में हिंदी विभाग, आइक्यूएसी; कौशल विकास समिति और अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की ओर से आठ दिवसीय रंगमंच कार्यशाला शुरू हुई।

मंगलवार को प्राचार्य डॉ. रेनू रानी बंसल और अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सदस्य गणेश बलूनी ने कार्यक्रम की शुरुआत की। हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. विमला सिंह ने विद्यार्थियों से बढ़-चढ़कर कार्यशाला में प्रतिभा करने की अपील की।

वहां डॉ. राजविंदर कौर, डॉ. दुर्गा तिवारी, डॉ. अभिमन्यु कुमार, डॉ. दीपा मखौलिया, अश्विनी कुमार, शहाबुद्दीन, आलोक, अदिति, श्रेया, डॉ जगदीपक जोशी आदि थे।

आयोजन | राजकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय में रंगमंच कार्यशाला का समापन

### प्रेमचंद के नाटकों का छात्र-छात्राओं ने किया सजीव मंचन

संवाददाता, सितारगंज



नाटक प्रस्तुत करते विद्यालय के छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

**दैनिक जागरण** हल्द्वानी, 19 मार्च, 2025

सार-संक्षेप

### सितारगंज महाविद्यालय में रंगमंच कार्यशाला का आयोजन

जासं ● सितारगंज : राजकीय महाविद्यालय में हिंदी विभाग, आइक्यूएसी, कौशल विकास समिति और अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में रंगमंच कार्यशाला आयोजित की गई। आठ दिनी कार्यशाला का शुभारंभ प्राचार्य डा. रेनू रानी बंसल व अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सदस्य गणेश बलूनी ने किया। हिंदी विभागाध्यक्ष डा. विमला सिंह ने कार्यशाला में प्रतिभाग करने की अपील की। प्राचार्य डा. रेनू बंसल ने कार्यशाला को विद्यार्थियों के लिए लाभदायक बताया। मंच का संचालन डा. राजविंदर कौर व डा. दुर्गा तिवारी ने किया ने किया। इस दौरान आइक्यूएसी प्रभारी डा. अभिमन्यु कुमार, डा. दीपा मखौलिया, अश्विनी कुमार, शहाबुद्दीन, आलोक, अदिति, श्रेया, डा. जगदीपक जोशी, डा. संजय टम्टा, डा. मोहन आर्य, जानकी देवी, कमलेश जोशी, विकास कुमार, सलोनी, सुहानी, गुरप्रीत सिंह, धर्मेश जोशी, सुषमा, रजविंद्र आदि थे।

### सितारगंज में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आठ दिवसीय रंगमंच कार्यशाला का संपन्न समारोह





**खबर का असर संवाददाता**

**सितारगंज।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सितारगंज में आठ दिवसीय रंगमंच कार्यशाला का समापन समारोह हुआ। इस कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों ने हिन्दी के कालजयी कथाकार प्रेमचंद की दो कहानियों ह्य ठाकुर का कुँआह्ल तथा ह्य पंच परमेश्वर ह्य की कथाओं पर दो नाटक तैयार कर महाविद्यालय में उसका प्रस्तुतीकरण किया ह्ल ठाकुर का कुँआह्ल नाटक के मुख्य किरदारों जोखू का किरदार कृष्णा सिंह परिहार ने तथा गंगी का किरदार सुहानी ने निभाया । प्रियांशु बंसल ने ठाकुर साहब की अच्छी भूमिका निभाई ।

इसी तरह ह्यपंच परमेश्वर ह्य कहानी के मुख्य पात्रों जुम्मन मियाँ , अलगू चौधरी तथा खाला का किरदार क्रमशः सौरभ भट्ट , विक्रांत तिवारी तथा निकिता ने निभाया । मात्र आठ दिनों में रंगमंच की इस कार्यशाला में विद्यार्थियों ने अपनी लगन , मेहनत तथा आपसी तालमेल से दोनों नाटकों के किरदारों को बखूबी निभाया तथा मुख्य प्रशिक्षक गणेश बलूनी तथा उनके सहायक अश्विनी कुमार के निर्देशन में रंगमंच की बारीकियाँ सीखीं , हालाँकि हिन्दी विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों में साहित्य पढ़ने की अभिरुचि पैदा करना तथा साहित्य की बहुत ही महत्त्वपूर्ण विधा रंगमंच से विद्यार्थियों का बेसिक परिचय कराना था । इस कार्यशाला का आयोजन हिन्दी विभाग , आई क्यू ए सी , कौशल विकास समिति तथा अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में हुआ । कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो रेनू रानी बंसल ने की । कार्यशाला में प्रथम पाँच दिवस मुख्य प्रशिक्षक के रूप में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सदस्य श्री गणेश बलूनी जी का सहयोग रहा । अश्विनी कुमार ,आलोक , अदिति , श्रेया के सहयोग तथा निर्देशन ने विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारा ।कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्राचार्य तथा हिन्दी विभागाध्यक्ष द्वारा प्रमाणपत्र वितरित किए गए । कार्यक्रम का संचालन तथा संयोजन डॉ राजविंदर कौर तथा डॉ दुर्गा तिवारी ने किया ।इस अवसर पर हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ विमला सिंह , डॉ जगदीपक जोशी , आई क्यू ए सी प्रभारी डॉ अभिमन्यु कुमार , डॉ दीपा मखौलिया , डॉ राजविंदर कौर , कौशल विकास समिति के संयोजक डॉ संजय टम्टा , डॉ दीक्षा, डॉ सुधा पाल, डॉ कमला , डॉ शोभा , डॉ कार्तिकेय , डॉ गरिमा , डॉ प्रज्ञा , डॉ प्रकाश चंद ,डॉ दुर्गा , डॉ सविता , जानकी देवी , विकास कुमार , इकरार , द्रौपदी , सलोनी , सुहानी , गुरप्रीत सिंह ,अंकित , , दीपक , नमिता , ऋषि, सौरभ भट्ट , निशा , मुस्कान आदि उपस्थित रहे ।

# मानसिक अवसाद तथा निवारण पर संगोष्ठी

3 अप्रैल 2025

**यह कार्यक्रम करियर काउंसलि सेल, आईक्यूएसी सेल तथा हिंदी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया।**

### युवाओं में बढ़ता मानसिक अवसाद, कारण तथा निवारण पर गोष्ठी आयोजित

खुसरो मेल संवाददाता



**सितारगंज** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सितारगंज , ऊधम सिंह नगर , उत्तराखण्ड में हिन्दी विभाग तथा आई क्यू ए सी के संयुक्त संयोजन में फैकल्टी तथा युवा विद्यार्थियों हेतु एक व्याख्यान का आयोजन किया गया , जिसका विषय था - "युवाओं में बढ़ता मानसिक अवसाद : कारण तथा निवारण इस पर वक्तव्य देने के लिए सितारगंज शहर के शिक्षाविद् तथा मोटिवेशनल स्पीकर श्री राजेश शैली जी तथा श्रीमती इन्दू शैली जी उपस्थित रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो . रेनू रानी बंसल ने की कार्यक्रम का आयोजन हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ विमला सिंह के निर्देशन में हुआ कार्यक्रम का संचालन डॉ राजविंदर कौर तथा डॉ दुर्गा तिवारी , प्राध्यापक हिन्दी विभाग , ने किया

इस व्याख्यान के आयोजन का मुख्य उद्द्देश्य युवाओं को अवसाद प्रबंधन ,मानक तनाव आदि की जानकारी देना था तथा अत्यधिक मानसिक दबाव के दौरान कैसे मानसिक संतुलन बनाए रखा जा सकता है , इसके बारे में मुख्य वक्ता राजेश शैली जी ने विद्यार्थियों के साथ चर्चा की उन्होंने विद्यार्थियों के साथ विभिन्न गतिविधियाँ करते हुए तथा कुछ प्रयोग दिखाते हुए उनको इस विषय को बेहतर समझाने का प्रयास किया छात्र छात्रों ने विषय में रोचकता लेते हुए श्री शैली से कई प्रकार के प्रश्न पूछे । उन्होंने विद्यार्थियों के समस्त प्रश्नों का उत्तर देते हुए उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया । उन्होंने बताया कि अत्यधिक लालसा व्यक्ति को अवसाद की ओर ले जाती है। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो बंसल , श्री राजेश शैली , श्रीमती इन्दू शैली , हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ विमला सिंह , आई क्यू ए सी प्रभारी डॉ अभिमन्यु कुमार , डॉ दीपा मखौलिया , डॉ संजय टम्टा , डॉ एम सी आर्या , डॉ राजविंदर कौर डॉ दुर्गा तिवारी , डॉ दीक्षा खँपा , डॉ शोभा पाण्डे, डॉ गीतांजलि मिश्रा , डॉ गरिमा , डॉ प्रज्ञा सिन्हा , डॉ सोहनी, डॉ प्रकाश भट्ट , कमलेश जोशी , विकास कुमार , इकरार , द्रौपदी , विक्रांत , सुषमा ,सौरभ भट्ट , कृष्णा , रजविंदर, सुहानी ऋषि आदि उपस्थित रहे ।

### अवसाद प्रबंधन मानसिक तनाव को लेकर दी जानकारी

**अत्यधिक मानसिक दबाव के दौरान मानसिक संतुलन बनाए रखने का बताया उपाय**

न्यूज प्रिन्ट संवाददाता



सितारगंज। राजकीय स्नातकोत्तर विद्यालय में अवसाद प्रबंधन मानसिक तनाव आदि की दी जानकारियां।

सितारगंज। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हिंदी विभाग तथा आई क्यूएसी के संयुक्त संयोजन में फैकल्टी तथा युवा विद्यार्थियों के लिए व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसका विषय था 'युवाओं में बढ़ता मानसिक अवसाद : कारण तथा निवारण'।

इस पर वक्तव्य देने के लिए शिक्षाविद् तथा मोटिवेशनल स्पीकर राजेश शैली और इन्दू शैली उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. रेनू रानी बंसल ने की। कार्यक्रम का आयोजन हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. विमला सिंह के निर्देशन में हुआ। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राजविंदर कौर तथा डॉ. दुर्गा तिवारी, प्राध्यापक हिन्दी विभाग ने किया। इस व्याख्यान के आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को अवसाद प्रबंधन, मानसिक तनाव आदि की जानकारी देना था तथा अत्यधिक मानसिक दबाव के दौरान कैसे मानसिक संतुलन बनाए रखा जा सकता है, इसके बारे में मुख्य वक्ता राजेश शैली ने विद्यार्थियों के साथ चर्चा की। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. बंसल, राजेश शैली, इन्दू शैली, हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. विमला सिंह, आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. अभिमन्यु कुमार, डॉ. दीपा मखौलिया, डॉ. संजय टम्टा, डॉ. एमसी आर्या, डॉ. राजविंदर कौर, डॉ. दुर्गा तिवारी, डॉ. दीक्षा खँपा, डॉ. शोभा पाण्डे, डॉ. गीतांजलि मिश्रा, डॉ. गरिमा, डॉ. प्रज्ञा सिन्हा, डॉ. सोहनी, डॉ. प्रकाश भट्ट, कमलेश जोशी, विकास कुमार, इकरार, द्रौपदी, विक्रांत, सुषमा, सौरभ भट्ट, कृष्णा, रजविंदर, सुहानी ऋषि आदि थे।

04 अप्रैल 2025

### समान नागरिक संहिता विषय पर आयोजित हुई कार्यशाला

**समान नागरिक संहिता के विशेषताएं एवं इसके प्रावधानों की दी जानकारी**



**सितारगंज (रमेश यादव/विधान केसरी)।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शुक्रवार को समान नागरिक संहिता विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ प्राचार्य प्रोफेस्सर रेनू रानी बंसल ने किया। कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डॉक्टर दीपा मखोलिया ने समान नागरिक संहिता की मुख्य विशेषताएं और इसकी प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने 26 मार्च 2010 तक के बाद हुई विवाह पंजीकरण की अनिवार्यता को बताते हुए डिजिटल पोर्टल की उपलब्धता की जानकारी बताई। डॉ मोहन चंद आर्य ने यूसीसी के सामाजिक एवं कानूनी प्रभावों पर जानकारी दी। डॉ अभिमन्यु कुमार ने समान नागरिक संहिता के लाभ व महिला अधिकारों के बारे में बताया। यहां डॉ दीक्षा खंपा, डॉ प्रज्ञा सिंह, डॉ विमला सिंह, डॉ संजय टम्टा, डॉ राजविंदर कौर, डॉ शोभा, पांडे डॉ प्रज्ञा सिंहा, डॉ दुर्गा तिवारी, डॉ गीतांजलि मिश्रा ने विचार व्यक्त किये।

# एक दिवसीय अभिविन्यास कार्यक्रम

28 अप्रैल 2025

### दिवसीय अभिविन्यास कार्यक्रम हुआ आयोजित

**मदर टेरेसा के किये कार्यो को याद किया**

द डेस्प्रिंग



(दीपक भारद्वाज ) । सितारगंज यूथ रेड क्रॉस यूनिट का एक दिवसीय अभिविन्यास कार्यक्रम हुआ आयोजित महाविद्यालय सितारगंज की यूथ रेड क्रॉस इकाई द्वारा अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यूनिट की सह प्रभारी डॉ गरिमा जोशी ने रेड क्रॉस की महत्ता क़ो बताते हुए कार्यक्रम का संचालन किया । महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो रेनु रानी बंसल ने सिस्टर नाइटेंगल/ मदर टेरेसा के किये कार्यो को याद किया , साथ ही स्वयं सेवकों को मानव सेवा के लिए प्रेरित किया । रेड क्रॉस प्रभारी डॉ सुधा पाल ,यूनिट सदस्य डॉ प्रज्ञा सिन्हा और डॉ प्रकाश चन्द्र ने रेड क्रॉस के उद्येश्यों के बारे में बताया कार्यक्रम में डॉ राजविन्दर कौर ,डॉ एम सी आर्या,डॉ दुर्गा तिवारी ,डॉ सोहणी डॉ अमित लटवाल सहित रेड क्रॉस यूनिट के 30 से अधिक स्वम सेवी उपस्थित रहे।

5 जून 2025

### राजकीय महाविद्यालय सितारगंज में विश्व पर्यावरण दिवस पर फलदार पौधों का रोपण

न्यूज प्रिन्ट संवाददाता



**सितारगंज।** अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण दिवस के अवसर पर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सितारगंज में रेड क्रॉस यूनिट के तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जामुन, अमरूद, पपीता और करी पत्ता जैसे फलदाई पौधे रोपे गए। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. (प्रो.) रेनू रानी बंसल के नेतृत्व में संकाय सदस्यों, रेड क्रॉस टीम और स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर को हरित एवं स्वच्छ बनाने के संकल्प के साथ पौधारोपण किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 'प्लास्टिक फ्री धरा' की भावना को बढ़ावा देते हुए ग्रीन कैंपस विकसित करना रहा। प्राचार्या डॉ. बंसल ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण न केवल एक आवश्यकता है, बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए जिम्मेदारी भी है। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे पर्यावरण के प्रति जागरूक बनें और हर वर्ष कम से कम एक पौधा जरूर लगाएं। पौधारोपण कार्यक्रम में डॉ. विमला सिंह, डॉ. दीपा मखौलिया, डॉ. राजविंदर कौर, डॉ. शोभा पांडेय, डॉ. सुधा पाल, डॉ. गरिमा जोशी, डॉ. प्रकाश चंद्र, डॉ. प्रज्ञा सिन्हा, डॉ. कमला उपाध्याय, डॉ. सविता रानी, डॉ. सोहनी, डॉ. कामना, डॉ. दुर्गा तिवारी, द्रौपदी समेत कई प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। स्वयंसेवकों में अजय, सौरभ भट्ट, सुमित, जतिन, अरुण, अंशिका, पारुल जायसवाल आदि ने सक्रिय रूप से सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के अंत में सभी ने पौधों की देखरेख और पर्यावरण संरक्षण के लिए नियमित योगदान का संकल्प लिया।



# नि:शुल्क टेली कम्प्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम

सितारगंजः राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सितारगंज में निःशुल्क टेली कम्प्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के मंडल अध्यक्ष मुकेश सनवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि के रूप में सांझी संस्था के संस्थापक विजय राणा तथा अध्यक्ष नविता राणा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो0 रेनू रानी बंसल ने की। कार्यक्रम का विधिवत शुभारम्भ करते हुए अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया। अतिथियों का स्वागत करते हुए बैज अंलकरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 शोभा पाण्डेय तथा डॉ0 राजविन्दर कौर ने किया। निःशुल्क टेली कम्प्यूटर प्रशिक्षण का प्रारम्भ गत वर्ष कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा के प्रयासों से कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए महाविद्यालय में प्रारम्भ किया गया था। जिसमें राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सितारगंज तथा डॉ0 लीलाधर भट्ट मैमोरियल संस्था के मध्य समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए गये थे। सांझी संस्था के माध्यम से महाविद्यालय में यह द्वितीय बैंच का प्रशिक्षण संचालित किया जा रहा है। इसके विषय में वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो0 जगदीपक जोशी तथा नविता ने विस्तार से जानकारी दी। डॉ0 अभिमन्यु कुमार डॉ0 विमला सिंह डॉ0 एम. सी. आर्य डॉ0 संजय टम्टा ने विद्याथियों को टैली से संबंधित जानकारी सूक्ष्म जानकारी देते हुए नियमित उपस्थित रहकर प्रमाणपत्र प्राप्त होने तक विधिवत प्रशिक्षण लेने की सलाह दी। मुख्य अतिथि मुकेश सनवाल ने अपने वक्तव्य में टैली के लाभों के विषय में विद्यार्थियों का मार्गदर्शन एवं उत्साहवर्धन किया तथा महाविद्यालय में विद्यार्थियों के हित में किए जा रहे कार्यो की प्रशंसा की। यहां हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ0 विमला सिंह, आई. क्यू. ए. सी. प्रभारी डॉ0 अभिमन्यु कुमार, डॉ0 दीपा मखौलिया, डॉ0 संजय कुमार टम्टा, डॉ0 एम. सी. आर्य, डॉ0 राजविन्दर कौर, डॉ0 दुर्गा तिवारी, डॉ0 गीताजंली मिश्रा, डॉ0, सोहनी डॉ0 प्रज्ञा सिन्हा, डॉ0 प्रकाश भट्ट, डॉ0 शोभा पाण्डेय, गोपाल सिंह बिष्ट, डी. के. पंतोला, रूप सिंह राणा, पंकज काण्डपाल, अंकिता पाण्डेय, जानकी विश्वकर्मा, कमलेश जोशी, विकास कुमार, इकरार हुसैन, द्रौपदी कन्याल, छात्र सौरभ भट्ट, अजय कुमार, छात्रा सुहानी, दीक्षा आदि उपस्थित रहे।







## योग दिवस 21 जून 2025



हल्द्वानी, शनिवार, 21 जून 2025 | 9

**लिए प्राणायाम के गुर सीखे**

में बाजपुर में योग शिविर का आयोजन, बड़ी संख्या में पहुंचे साधक

महाविद्यालय के बच्चों को योगाभ्यास कराते योगा प्रशिक्षक।

**शिविरों का समापन आज**

खटीमा। आओ हम सब योग करें अभियान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की प्रेरणा से जन–जन तक योग को पहुंचाने कि यह पल मे खटीमा महाविद्यालय के विद्यार्थियो द्वारा जगह–जगह एक माह से योग शिविरों का आयोजन कर लोगों को योग के प्रति जागरूक किया जा रहा है। खटीमा क्षेत्र के तमाम ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र मे एक माह से लगातार योग शिविरो का समापन आज होगा।

**राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सितारगंज में लगा शिविर**

सितारगंज : अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सितारगंज में एक भव्य योगाभ्यास शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें प्राचार्य डॉ. रेनू बंसल, समस्त शैक्षिक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने योग के महत्व को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर योग प्रशिक्षकों के रूप में उमा गुप्ता और इंदु शैली उपस्थित रहीं, जिन्होंने विभिन्न योगासनों और प्राणायामों के माध्यम से प्रतिभागियों को तनाव मुक्त एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के गुर सिखाए। साथ ही मोटिवेशनल स्पीकर राजेश शैली ने योग की वैज्ञानिक महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नियमित योगाभ्यास न केवल शरीर को ऊर्जावान बनाता है, बल्कि मानसिक संतुलन और आत्मिक शांति भी प्रदान करता है। प्राचार्य डॉ. रेनू बंसल ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है और शिक्षकों के लिए यह अत्यंत आवश्यक है कि वे स्वयं स्वस्थ रहकर विद्यार्थियों को भी स्वास्थ्य व अनुशासन की प्रेरणा दें। योगाभ्यास शिविर का संयोजन और संचालन हिन्दी विभाग की प्राध्यापक डॉ. राजविंदर कौर द्वारा किया गया, जिन्होंने पूरे आयोजन को सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराया। शिविर में डॉ. जगदीपक जोशी, डॉ. विमला सिंह, डॉ. दीपा मखोलिया, डॉ. अभिमन्यु कुमार, डॉ. शोभा पाण्डेय, डॉ. दीक्षा खंपा, डॉ. जगदीश प्रसाद, डॉ. गीतांजलि मिश्रा, डॉ. कामना दीक्षित, डॉ. सुधा पाल, डॉ. प्रज्ञा सिन्हा, डॉ. दुर्गा तिवारी, डॉ. गरिमा जोशी, डॉ. अजय लटवाल, जानकी विश्वकर्मा, कमलेश जोशी, विकास कुमार, इकरार हुसैन मौजूद रहे।



# क्रीड़ा प्रतियोगिताएं

दिनांक 23 नवंबर 2024 को कुमाऊं विश्वविद्यालय की अंतर महाविद्यालय कराटे प्रतियोगिता पुरुष/महिला का आयोजन सितारगंज महाविद्यालय में किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न महाविद्यालयों की 11 टीमों ने प्रतिभाग किया। विश्वविद्यालय क्रीड़ा अधिकारी डॉ. नागेन्द्र शर्मा एवं प्राचार्या प्रो. रेनू रानी बंसल ने प्रतिभागियों को ट्राफी एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। आयोजक सचिव डॉ. एम.सी. आर्य ने सभी का आभार व्यक्त किया।













**क्रीड़ा विभाग द्वारा वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 7-8 मार्च 2025 को किया गया जिसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया जिसमें दौड़, लम्बी कूद, ऊंची कूद, भाला प्रेक्षपण, चक्का प्रेक्षपण, गोला प्रेक्षपण तथा रिले दौड़ में प्रतिभाग किया। छात्र में अजय कुमार और छात्राओं में मुस्कान राणा ने चैम्पियनशिप अपने नाम अर्जित की।**

## महाविद्यालय में वार्षिक क्रीड़ा का हुआ शुभारंभ



**सितारगंज** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सितारगंज में वार्षिक क्रीड़ा का शुभारम्भ हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में समाज सेविका , शिक्षाविद तथा महिला आयोग की पूर्व सदस्य जया जोशी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य रेनू रानी बंसल ने की श्रीमती जोशी ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यार्थी जीवन में खेल अति महत्त्वपूर्ण है अतः विद्यार्थियों को खेलों में अवश्य प्रतिभाग करना चाहिए प्राचार्या बंसल ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी पढ़ाई के साथ साथ खेलों में भी बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग करें ताकि मस्तिष्क के साथ शरीर भी तंदुरुस्त रहे क्योंकि तंदुरुस्त शरीर में ही अच्छे विचार आते हैंअतिथियों के स्वागत के उपरांत क्रीड़ा प्रभारी डॉ० मोहन चंद्र ने दो दिवसीय क्रीड़ा समारोह की रूपरेखा बतायी। खेलों का प्रारंभ लंबी कूद पुरुष वर्ग से हुआ जिसमें प्रथम स्थान प्रभजीत , द्वितीय स्थान हिमांशु तथा तृतीय स्थान अजय ने प्राप्त किया तथा लंबी कूद महिला वर्ग में मुस्कान राणा प्रथम , कुमकुम ने द्वितीय तथा तृतीय स्थान अंजलि ने प्राप्त किया।

## महाविद्यालय में दो दिवसीय वार्षिक क्रीडा का हुआ समापन



**खुसरो मेल संवाददाता**

